# पिछड़ा एवं ईबीसी की बेटियों को आईआईटी कानपुर कोचिंग देगा

पटना|बिहार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग की बेटियों को इंजीनियरिंग की तैयारी कराने के लिए आईआईटी कानपुर कोचिंग देगा। इसके लिए शुक्रवार को आईआईटी कानपुर के साथ समझौता हुआ। पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा शुक्रवार को जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना के सभागार में एक दिवसीय राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक और कार्यशाला हुई। बैठक की अध्यक्षता विभाग की मंत्री रमा निषाद ने की। आईआईटी कानपुर के साथ ऐतिहासिक समझौता: शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम उठाते हुए, विभाग ने आईआईटी कानपुर के साथ 'साथी' कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए एक समझौता पर हस्ताक्षर किया है। इसका उद्देश्य विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को आईआईटी, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विश्वस्तरीय कोचिंग सुविधा प्रदान करना है।